<u>ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल</u>

विषय - हिंदी **कक्षा - छह अभ्यास पत्र नवंबर (2024-2025)**

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रेमचंद का जन्म वाराणसी ज़िले के लमही ग्राम में हुआ था। उनका मूल नाम धनपतराय था। प्रेमचंद की प्रारंभिक शिक्षा वाराणसी में हुई। मैट्रिक के बाद वे अध्यापन करने लगे। स्वाध्याय के रूप में ही उन्होंने बी.ए. तक शिक्षा ग्रहण की। असहयोग आंदोलन के दौरान उन्होंने सरकारी नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और पूरी तरह लेखन-कार्य के प्रति समर्पित हो गए। प्रेमचंद ने अपने लेखन की शुरुआत पहले उर्दू में नवाबराय के नाम से की, बाद में हिंदी में लिखने लगे। उन्होंने अपने साहित्य में किसानों, दलितों, नारियों की वेदना और वर्ण-व्यवस्था की कुरीतियों का मार्मिक चित्रण किया है। वे साहित्य को स्वांतः सुखाय न मानकर सामाजिक परिवर्तन का एक सशक्त माध्यम मानते थे। वे एक ऐसे साहित्यकार थे, जो समाज की वास्तविक स्थिति को पैनी दृष्टि से देखने की शक्ति रखते थे। उन्होंने समाज-सुधार और राष्ट्रीय- भावना से ओतप्रोत अनेक उपन्यासों एवं कहानियों की रचना की। कथा-संगठन, चरित्र-चित्रण, कथोपकथन आदि की दृष्टि से उनकी रचनाएँ बेजोड़ हैं। उनकी भाषा बहुत सजीव, मुहावरेदार और बोलचाल के निकट है। हिंदी भाषा को लोकप्रिय बनाने में उनका विशेष योगदान है।

i) प्रेमचंद का वास्तविक नाम क्या था?

क)धनपतराय ख) प्रेमचंद ग)नवाबराय घ)लमही

ii) स्वांत: सुखाय से क्या तात्पर्य है?

क) सुख की भावना ख) समाज के सुख की भावना

ग) अपने सुख की भावना घ) स्वयं को सुखाना

iii) उन्होंने किस आंदोलन के दौरान अपनी नौकरी से त्यागपत्र दे दिया?

क) भारत छोड़ो आंदोलन ख) असहयोग आंदोलन

ग) किसान आंदोलन घ) समाज-सुधार आंदोलन

iv) प्रेमचंद जी के साहित्य का मुख्य स्वर क्या है?

v) प्रेमचंद की भाषा की विशेषताएँ क्या थीं?

प्रश्न 2. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

i) दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

क) चिराग लेकर ढूँढना

ख) घुटने टेकना

ग) जान में जान आना

ii) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

अल्प, बंधन, वीर, व्योम

प्रश्न 3. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

जब तुम मेरे साथ रहती हो तो अकसर मुझसे बहुत-सी बातें पूछा करती हो और मैं उनका जवाब देने की कोशिश करता हूँ। लेकिन अब, जब तुम मसूरी में हो और मैं इलाहाबाद में, हम दोनों उस तरह बातचीत नहीं कर सकते इसलिए मैंने इरादा किया है कि कभी-कभी तुम्हें इस दुनिया की और उन छोटे-बड़े देशों की जो इस दुनिया में हैं, छोटी-छोटी कथाएँ लिखा करूँ।

तुमने हिंदुस्तान और इंग्लैंड का कुछ हाल इतिहास में पढ़ा है लेकिन इंग्लैंड केवल एक छोटा-सा टापू है और हिंदुस्तान, जो एक बहुत बड़ा देश है फिर भी दुनिया का

एक छोटा-सा हिस्सा है। अगर तुम्हें इस दुनिया का कुछ हाल जानने का शौक है तो तुम्हें देशों का और उन सब जातियों का जो इसमें बसी हुई हैं, ध्यान रखना पड़ेगा। केवल उस एक छोटे-से देश का नहीं जिसमें तुम पैदा हुई हो। मुझे मालूम है कि इन छोटे-छोटे खतों में बहुत थोड़ी-सी बातें ही बतला सकता हूँ।

i. लेखक किस को पत्र लिख रहे हैं?

(क) बेटी को (ख) माँ को (ग) पत्नी को (घ) बहन को

ii. लेखक की बेटी कहाँ पर है?

(क) दिल्ली (ख) इलाहाबाद (ग) कोलकाता (घ) मसूरी

iii. लेखक कहाँ पर हैं?

(क) दिल्ली (ख) इलाहाबाद (ग) कोलकाता (घ) मसूरी

iv. लेखक ने क्या इरादा किया?

(क) बेटी को छुट्टी में मनाली ले जाने का

(ख) बेटी को दुनिया और उसके छोटे-छोटे देशों के बारे में बताने का

(ग) बेटी को उसके जन्मदिन पर ढेर सारी चॉकलेट देने का

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

प्रश्न 4.निम्न प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में दीजिए।

क) कौन माँ के आँचल में छिपी रहना चाहती है और इसके पीछे क्या कारण है?

ख) लेखक ने संसार को पुस्तक क्यों कहा है ?

ग) एक रोड़ा दरिया में लुढ़कते - लुढ़कते अंत में क्या बन जाता है ?

घ) लेखिका अपने मित्रों की परीक्षा किसलिए लेती थी ?

प्रश्न 5. अपने विद्‌यालय में खेल सुविधाओं को बढ़ाने का आग्रह करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ।

प्रश्न 6. 'नारी शिक्षा' विषय पर लगभग 30 - 40 शब्दों में एक नारा लिखिए।